# प्रेस नोट

# नोबेल शान्ति पुरस्कार विजेता **श्री कैलाश सत्यार्थी** द्वारा राजस्थान पुलिस अकादमी में **''सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भारत''** पर व्याख्यान

''सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भारत'' का संकल्प लेकर भारत को एक बाल मित्र राष्ट्र के रुप में पहचान दिलाने के उद्देश्य से भारत यात्रा पर निकले नोबेल शान्ति पुरस्कार विजेता श्री कैलाश सत्यार्थी दिनांक 11 अक्टूबर को राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर में भारत के प्रत्येक बच्चे को स्वतन्त्र, सुरक्षित, शिक्षित तथा स्वस्थ बनाने की परिकल्पना पर अपना व्याख्यान देंगें।

राजस्थान पुलिस अकादमी के निदेशक श्री राजीव दासोत ने बताया कि राजस्थान पुलिस अकादमी के इतिहास में पहली बार कोई नोबेल पुरस्कार प्राप्त हस्ती व्याख्यान देने हेतु पधार रही है। उन्होंने बताया कि राजस्थान पुलिस, राजस्थान पुलिस अकादमी तथा ''आलोक'' के संयुक्त तत्वावधान में इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होनें बताया कि 11 दिसम्बर 2016 को भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति श्री प्रणव मुखर्जी ने राष्ट्रपति भवन में श्री सत्यार्थी द्वारा बच्चों के शोषण को रोकने के उद्देश्यों को लेकर **''100 मिलियन फॉर 100 मिलियन''** नामक अभियान की शुरुआत की थी। इस अभियान के तहत 10 करोड युवाओं तथा बच्चों को बाल अधिकारों से अवगत कराया जाएगा, ताकि वे गुलामी तथा गरीबी के दलदल में फंसे समाज के 10 करोड वंचित बच्चों के बारें में जान कर उनके लिए कुछ कर सकें। इसी अभियान के तहत श्री सत्यार्थी 11 अक्टूबर को 12:25 पीएम पर राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर में अपना व्याख्यान देने हेतु पधारेंगें।

श्री दासोत ने बताया कि इस व्याख्यान में राजस्थान के मुख्य सचिव श्री अशोक जैन तथा महानिदेशक पुलिस, राजस्थान श्री अजीत सिंह की गरिमामय उपस्थिति रहेगी। इस कार्यक्रम में बडी संख्या में पुलिस, प्रशासनिक अधिकारी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा बच्चों से जुडी हुई संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा विधालयों के प्रिसिंपल/प्रधानाचार्य भी भाग लेंगें।